Phone & Fax no. 0135-2658294 E-mail: cfshiwalik@yahoo.co.in

# कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

*पत्रांक- 191 /12-1(1) दिनांक, देहरादून, 22 जुलाई 2020*

सेवा में,

**अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी**
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कॉलोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः- **ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/45667/2020 जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला में कालीमाटी चित्तौर घाईसेन होते हुए तलाई तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.5225 है० वन भूमि लो०नि०वि० को प्रत्यावर्तन के संबंध में।**

महोदय,

प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून ने अपने कार्यालय पत्रांक 235/12-1 दिनांक 15.07.2020 से विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव विधिवत परीक्षण कर हार्ड कॉपी सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में अवगत कराना है कि प्रस्तावित प्रत्यावेदन में देहरादून वन प्रभाग, देहरादून के थानों रेंज की 1.5225 है० आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। प्रस्तावित भूमि पर विभिन्न प्रजाति एवं व्यास वर्ग के कुल 175 वृक्षों का पातन किया जाना है।

प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून द्वारा प्रस्तावित क्षेत्र का दिनांक 03.07.2020 को स्थलीय निरीक्षण किया गया है। अतः उक्त प्रस्ताव मूल 03 प्रतियों के संस्तुति सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्नक :- प्रस्ताव 03 प्रतियों में।**

भवदीय

( पी०के० पात्रो )
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

**पत्रांक 191 /12-1(1) तद्दिनांकित**
**प्रतिलिपि** – प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून को उनके उक्त उल्लिखित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

( पी०के० पात्रो )
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

# प्रपत्र–2.2

## भाग–III

## (सम्बन्धित वन संरक्षक द्वारा भरा जाना है)

**P.No.-FP/UK/ROAD/45667/2020**

| | | |
|---|---|---|
| 14– | स्थल, जहां की वन भूमि शामिल की गयी है क्या इसका सम्बन्धित वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है ? (हॉ/नहीं) यदि हॉ तो निरीक्षण की तारीख और किए गये प्रेक्षणों को, निरीक्षण नोट के रूप में संलग्न करें। | नहीं |
| 15– | क्या सम्बन्धित वन संरक्षक भाग–ख में दी गयी सूचना और उप वन संरक्षक के सुझावों से सहमत है। | सहमत |
| 16– | प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में सम्बन्धित वन संरक्षक की विस्तृत कारणों के साथ विशेष सिफारिशें। | जनहित में उचित/प्रभागीय वनाधिकारी की आख्या के आधार पर संस्तुति की जाती है। |

तिथि– 22-07-2020
स्थान– देहरादून

हस्ताक्षर
नाम और पदनाम (पी0के0 पात्रो)

सरकारी मोहर
वन संरक्षक
शिवालिक वृत्त
उत्तराखण्ड, देहरादून